प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.07.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

विधानसभा उपचुनाव

राज्य निर्वाचन विभाग ने तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को होने वाले मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक होगा। उपचुनाव की मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी। तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ में कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शिमला में बताया कि मतदान के लिए तीन सौ 15 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 2 सौ 17 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं, जबकि अन्यों के लिए आज रवाना होगी। मनीष गर्ग ने बताया कि तीन सौ 15 मतदान केंद्रों में से 23 मतदान केंद्र संवेदनशील है जहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और सभी पोलिंग केंद्रों पर वैब कास्टिंग सुनिश्चित की गई है। इस बीच प्रदेश में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए खुलेआम चुनाव प्रचार कल शाम पांच बजे थम गया, हालांकि डोर टू डोर प्रचार जारी रहेगा।

नीट

सर्वोच्च न्यापयालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा—नीट यूजी पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए से न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से मामले में अब तक की अपनी जांच पर एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। न्यायालय ने एनटीए, केंद्र सरकार और सीबीआई को बुधवार शाम 5 बजे तक अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह तथ्य कि परीक्षा की पवित्रता से समझौता किया गया है, जोकि संदेह से परे है। उन्होंने कहा कि हालांकि, दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले पेपर लीक कहां से हुआ यह पता होना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि परीक्षा रद्द करना अंतिम उपाय है। इस मामले में अब अगली सुनवाई बृहस्पतिवार को होगी।

बीएसएनएल

आपदा के दौरान टेलीकोम नेटवर्क में व्यवधान की स्थिति में इंट्रा सर्कल रोमिंग सुविधा को सक्रिय किया जा सकता है। बीएसएनएल के दूरसंचार विभाग के अपर महानिदेशक ने बताया कि एक टी.एस.पी. के मोबाइल प्रयोगकर्ता प्रभावित क्षेत्रों में अन्य टी.एस.पी के नेटवर्क से कॉल कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मोबाइल उपयोगकर्ता डिवाइस सेटिंग से मैनुअल रूप से नेटवर्क का चयन कर उपलब्ध नेटवर्क से किसी भी दुरसंचार ऑपरेटर के मोबाइल नेटवर्क का चयन कर सकते हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश में मानसून के फिर से रफ्तार पकड़ने का अनुमान लगाया है। शिमला मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा के मुताबिक प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान सामान्य बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई के बाद तीन दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी वर्षा होने की संभावना है। इस बीच राजधानी शिमला के रिप्पन अस्पताल के नजदीक निर्माणाधीन पार्किंग के पास बीती रात भूस्खलन हुआ। हालांकि इस दौरान किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

खेल

शिमला जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि जिले के सभी खेल संघों के साथ समन्वय स्थापित कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। शिमला में जिले के पंजीकृत खेल संघों के साथ एक बैठक में उन्होंने सभी संघों को खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर मैडल हासिल करने वाले शिमला जिले से संबंधित खिलाड़ियों को 16 लाख 83 हजार रूपये की राशि वितरित की जाएगी।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। विधानसभा उपचुनाव की खबर को पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है–तीनों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का शोर थमा, कल मतदान। हिमाचल दस्तक लिखता है–थम गया उपचुनावों का शोर, अब डोर–टू–डोर प्रचार पर जोर। दैनिक जागरण की सुर्खी है–देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 13 जुलाई को होगी मतगणना। दैनिक सवेरा टाइम्स ने लिखा है–10 जुलाई को ईवीएम में कैद होगी 13 उम्मीदवारों की किस्मत।

बीए तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–मैरिट सूची में फिर लड़कियों की धाक, टॉप टैन में 10 छात्राएं व दो छात्र। दिव्य हिमाचल लिखता है–बीए फाइनल में धनेटा कॉलेज की अंजलि टॉपर। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–इस बार 92 दशमलव आठ दो फीसदी रहा बीए फाइनल का परीक्षा परिणाम, 15 हजार 7 सौ 24 स्टूडैंट्स हुए पास।

आपका फैसला की एक खबर है–हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक 12 जुलाई को होगी।

होम स्टे को लेकर मंत्रिमंडलीय उपसमिति की पहली बैठक 11 का, बनेगी नई पॉलिसी–शीर्षक से खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता दी है।

हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–अगस्त में छह रूपये महंगा मिलेगा सरसों तेल–प्रदेश के 18 लाख राशनकार्ड धारकों को चुकाने होंगे ज्यादा दाम।